पत्र संख्या-स्था-5(ख) पदोन्नति प्रधान सहायक-2021-22// 1135 // वाणिज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ// दिनांक // 07 जून, 2022

-:: आदेश ::-

शासनादेश संख्या-क0नि0-4-1315/11-2012-30(5)/2011 दिनांक 12-12-2012 एवं उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवा नियमावली-2014 में दिये गये प्राविधानानुसार विभागीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत निम्नलिखित वरिष्ठ सहायकों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रधान सहायक (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन-4200/ लेवल-6) के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए अग्रिम आदेशों तक उन्हें उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर बनाये रखा जाता है :-

क्रम सं0	ज्ये0 क्रमांक	कर्मचारी का नाम (श्री/श्रीमती/कु0)/ पिता/ पति का नाम	वर्तमान तैनाती/ जोन का नाम
1	2	3	4
01	2594	सतेन्द्र सिंह / मंगल बाबू	औरया
02	2595	चन्द्र प्रकाश / छोटे लाल	कर्वी
03	2596	अवधेश कुमार / रुपचन्द्र	सहारनपुर

2- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारियों को निर्देश दिये जाते है कि वह उपरोक्त पदोन्नत कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश तामील कराते हुए उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही प्रधान सहायक के पद पर दिनांक 13-06-2022 तक कार्यभार ग्रहण करायें तथा यदि कोई कार्मिक किन्हीं कारणों से पदोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक न हो, तो उससे उक्त आशय का पदोन्नति फोरगो प्रार्थना पत्र प्राप्त करके दिनांक 16-06-2022 तक अधोहस्ताक्षरी को प्रत्येक दशा में उपलब्ध करायें।

3- संबंधित नियन्त्रक अधिकारी / संभागीय अधिकारी कृपया यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त पदोन्नत कार्मिकों में से किसी कार्मिक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के अन्तर्गत आरोप पत्र / नोटिस आदि निर्गत हो, सतर्कता जॉच / ई0ओ0डब्ल्यू0 जॉच चल रही हो, तो ऐसे कार्मिक पर यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण न कराएं और अधोहस्ताक्षरी को तत्काल सूचित करें।

4- वर्तमान में यदि कोई कर्मचारी स्तम्भ-4 में अंकित स्थान से स्थानान्तरित हो गया हो तो उसकी वर्तमान तैनाती का स्थान तदनुसार संशोधित मानकर सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारी को इस पदोन्नति आदेश की एक प्रति तामील कराते हुये कार्यभार ग्रहण करायेंगे और इसकी सूचना मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

(सुधा वर्मा)
अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

<u>पृष्ठांकन संख्या व दिनांक // उक्त।</u>

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- आयुक्त कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2- अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, इटावा, झॉसी, सहारनपुर।
3- संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर, इटावा, बांदा, सहारनपु र सम्भाग ए।
4- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
5- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी, राज्य कर, औरैया, कर्वी, सहारनपुर।
6- आहरण वितरण अधिकारी, राज्य कर, औरैया, कर्वी, सहारनपुर।
7- चरित्र पंजिका सेल (स्थापना अराजपत्रित अनुभाग) राज्य कर मुख्यालय।
8- पटल प्रभारी स्था-4(क), 4(ख), 4(ग), 4(घ), स्था-6 (सामान्य), राज्य कर, मुख्यालय।
9- सम्बन्धित कर्मचारियों को (नाम से)।

(पी0एन0 द्विवेदी)
संयुक्त आयुक्त (स्था0 अराज0) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।